हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 3.5 डिग्री

12 बाजारों से होकर निकली भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों...



12 एसएचओ सदर शंभू लाल ने छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित



## ब्रज की 84 कोसी यात्रा की तर्ज पर कुरुक्षेत्र में स्थित तीर्थों की यात्रा शुरू करने के लिए प्रयासरत

# कुरुक्षेत्र को दुनिया का सबसे गौरवपूर्ण स्थान बनाने के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री नायब सैनी

*धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में पिछले 17 दिनों से गीता प्रेमी सज्जन एवं श्रद्धालु 10वें अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आनन्द ले रहे हैं। इसके अलावा भी इन दिनों पूरा हरियाणा गीतामयी है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

■ कुरुक्षेत्र में 48 कोस तीर्थ सम्मेलन आयोजित

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार कुरुक्षेत्र को दुनिया का सबसे गौरवपूर्ण स्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन के बाद वर्ष 2016 से कुरुक्षेत्र में गीता महोत्सव को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र में आयोजित 48 कोस तीर्थ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गीता ज्ञान संस्थानम् के अध्यक्ष स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के अलावा धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के विभिन्न तीर्थों के प्रतिनिधिगण तथा श्रद्धालुगण उपस्थित थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कुरुक्षेत्र के 48 कोस में आने वाले तीर्थों की जानकारी देने वाली पुस्तक का भी विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी को गीता जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन 5162 वर्ष पहले कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर भगवान श्रीकृष्ण जी ने अर्जुन के माध्यम से मानव मात्र को गीता का कर्मयोग का अमर संदेश दिया था। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में पिछले 17 दिनों से गीता प्रेमी सज्जन एवं श्रद्धालु 10वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आनन्द ले रहे हैं। इसके अलावा भी इन दिनों पूरा हरियाणा गीतामयी है। हर जिले में गीता के स्वर गूंज रहे हैं। विभिन्न तीर्थों पर भी गीता महोत्सव की धूम है। राज्य एवं जिला स्तर पर एक साथ मनाया जाने वाला यह महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक, कला एवं संस्कृति का एक अनुपम उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में कुरुक्षेत्र आगमन के दौरान कहा था कि कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में पहचान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन के बाद वर्ष 2016 से गीता महोत्सव को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गत 25 नवंबर को प्रधानमंत्री भी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होकर हर व्यक्ति को गीता के जोड़ने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुरुक्षेत्र के पास ज्योतिसर में जिस वट वृक्ष के नीचे भगवान श्रीकृष्ण जी ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। उस स्थान के जीर्णोद्धार के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने स्पेशल पैकेज दिया था। उन्होंने देश के कई प्रसिद्ध मंदिरों का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लुप्तप्राय हो रहे तीर्थ स्थलों के जीर्णोद्धार को प्राथमिकता दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि ब्रज की 84 कोसी यात्रा की तर्ज पर 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि में स्थित तीर्थों की यात्रा शुरू की जाए। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को भगवान श्रीकृष्ण जी की नगरी मथुरा और धार्मिक स्थल हरिद्वार से जोड़ने के लिए इन मार्गों पर ट्रेन चलाई गई है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन स्कीम के तहत कुरुक्षेत्र को वर्ष 2015 में श्रीकृष्णा सर्किट में शामिल किया गया है। इस स्कीम के तहत विभिन्न तीर्थों पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, केयूके कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन संजय बठला, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर, जिप उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, केडीबी सदस्य विजय नरुला, डा. एमके मोदगिल, कैप्टन अमरजीत सिंह, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, सौरभ चौधरी, सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सैनी, हरमेश सिंह सैनी, सुशील राणा, डा. अलकेश मोदगिल, राजेश शांडिल्य, डा. संदीप छाबड़ा, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।





कुरुक्षेत्र। सम्मेलन में मौजूद लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा दीप प्रज्जवलित कर सम्मेलन का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### 182 तीर्थों को सरकार की तरफ से किया गया है विकसितः भारत भूषण भारती

मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने कहा कि कुरुक्षेत्र 48 कोस में 367 तीर्थ विराजमान है। इनमें से 182 तीर्थों की खोज करके प्रदेश सरकार की तरफ से विकसित किया गया है। इन तीर्थों को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकसित करने का अनोखा काम किया है। इन तीर्थों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दौरा किया और लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान भी किया। इस दौरान तीर्थों को विकसित करने की योजना भी तैयार की गई।

### तीर्थ स्थल को गांव का गौरव समझकर विकसित करने का हो प्रयासः ज्ञानांनद महाराज

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 48 कोस के एक-एक तीर्थ का अवलोकन करके विकासकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया। इन तीर्थों को विकसित करने में सरकार के साथ-साथ तीर्थ समितियों को भी आगे आने की जरुरत है। इन समितियों को अपने-अपने गांव के तीर्थ को गौरव समझना चाहिए। इस तीर्थ निगरानी कमेटी को हर पहलू पर मंथन करना चाहिए और तीर्थ के विकास को 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन के साथ-साथ सरकार के समक्ष रखना चाहिए। सभी को मिलकर गांव के गौरव तीर्थ को विकसित करने का प्रयास करना चाहिए।

### पर्यटकों को देखते हुए विकसित किए जा रहे है 48 कोस के तीर्थ : सुभाष सुधा

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र 48 कोस के तीर्थों को विकसित करने के लिए पर्यटकों की भावनाओं को वरियता दी जा रही है। इन तीर्थों को विकसित करने के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने एक-एक तीर्थ का भ्रमण किया था और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी 48 कोस के तीर्थों का भ्रमण किया। इन तीर्थों को विकसित करने के लिए योजना तैयार की। इस योजना के तहत तीर्थों को विकसित किया जा रहा है और सरकार की तरफ से आर्थिक अनुदान भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके साथ तीर्थ समितियां भी विकास कार्यों में अपना सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र गीता स्थली ज्योतिसर में नमन करने उपरांत ही शुभ कार्य करते है। इसी भावना को लेकर मुख्यमंत्री हर तीर्थ को विकसित करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे है।

### गीता स्थली ज्योतिसर से गीता के उपदेशों से पूरे विश्व को मिल रहा शांति का संदेश : सीएम



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि गीता स्थली ज्योतिसर में हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म के मार्ग पर चलने के लिए गीता के उपदेश दिए थे। इस गीता स्थली ज्योतिसर से आज भी उपदेशों के माध्यम से पूरे देश का शान्ति का संदेश मिल रहा है। जो व्यक्ति, राज्य, देश पवित्र ग्रंथ गीता के इन उपदेशों का अनुसरण करेगा वे निश्चित ही उन्नती के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में गीता स्थली ज्योतिसर में पवित्र ग्रंथ गीता की पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने मंत्रोच्चारण के बीच गीता जयंती पर चल रहे यज्ञ में पूर्णाहुति डाली और पंडित नरेश शर्मा व वेदपाठियों ने विश्व शान्ति के लिए पूजा-अर्चना करवाई। इसके उपरांत सभी मेहमानों पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया और जिस वट वृक्ष के नीचे हजारों वर्ष पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन का मोह भंग करने के लिए उपदेश दिए थे उस वट वृक्ष को भी देखा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने विचारों को सांझा करते हुए कहा कि इस पवित्र धरा पर आने वाले व्यक्ति के सारे पाप दूर हो जाते हैं और उसे पुण्य की प्राप्ति होती है। इसलिए इस पवित्र स्थल और तीर्थ को विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से महाभारत थीम पर आधारित एक भव्य अनुभव केंद्र का निर्माण किया गया है। इस अनुभव केंद्र का अवलोकन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर को किया और पूरी दुनिया को इस अदभुत अनुभव केंद्र को देखने के लिए कहा है। इस महाभारत अनुभव केंद्र को देखने के लिए देश-विदेश के कोने-कोने पर्यटक पहुंचेंगे। यह महाभारत अनुभव केंद्र अपने-अपने आप में एक अदभुत केंद्र है। उन्होंने कहा कि महाभारत अनुभव केंद्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आमजन को समर्पित किया गया है। इस गीता स्थली ज्योतिसर में बना महाभारत अनुभव केंद्र निश्चित ही कुरुक्षेत्र की महिमा को दुनिया तक पहुंचाने का काम करेगा। इस मौके पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, सीईओ केडीबी पंकज सेतिया, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, केडीबी सदस्य अशोक रोशा, अलकेश मोदगिल आदि रहे।

### विश्व विख्यात जादू की कला को सहेजने का काम कर रहे है जादूगर शंकर सम्राट



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विश्व विख्यात जादू की कला को प्रसिद्ध जादूगर शंकर सम्राट सहेजने का काम कर रहे है। इस प्रकार की कला भारत की प्राचीन संस्कृति का हिस्सा रही है। यह जादू की कला लोगों को जहां सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक कर रही है, वहीं लोगों का मनोरंजन करने का काम भी कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला के सभागार में प्रसिद्ध जादूगर शंकर सम्राट के सायंकालीन शो में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रसिद्घ जादूगर शंकर सम्राट के शो का शुभारंभ किया और प्रसिद्घ जादूगर शंकर सम्राट ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रसिद्घ जादूगर शंकर सम्राट ने अपनी जादू की कला दिखाने के साथ-साथ लोगों को नशे से दूर रहने, पानी की एक-एक बूंद को बचाने, कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने जैसी कुरीतियों के बारे में जागरूक किया। इसके साथ ही जादूगर शंकर सम्राट ने अपने प्रसिद्घ शो वाटर ऑफ इंडिया को भी दिखाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को गीता जयंती की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 5163 वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को कर्म करने का संदेश दिया। इसी कर्मस्थली पर अंतर्राष्ट्द्रीय गीता महोत्सव के दौरान प्रसिद्ध जादूगर शंकर सम्राट विश्व विख्यात जादू की कला को जिंदा रखने का काम कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### युवक की जहर खाने से मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव बलाना निवासी 33 वर्षीय देवेंद्र सिंह पुत्र रामकुमार ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली। वहीं देवेंद्र का एनसी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में उपचार करवाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इधर, थाना इसराना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद देवेंद्र का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। जबकि पुलिस को दिए बयान में देवेंद्र के भाई रविंद्र ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि देवेंद्र मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, वह गुमशुम रहता था।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**यमुनानगर।** पांसरा फाटक के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक ने कानों में इयरफोन लगाए हुए थे। जिस कारण से ट्रेन का हॉर्न सुनाई नहीं दिया और हादसे का शिकार हो गया। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### दुकानदार पर गोली चलाने के मामले में तीन गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** अपराधिक वारदातो पर अंकुश लगाने व अपराधियों की धरपकड के लिए कुरुक्षेत्र पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। 30 नवम्बर को अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने खेडी मारकंडा में दुकानदार पर गोली चलाने के मामले कृष्णा उर्फ गांधी वासी शास्त्रीनगर थानेसर, चेतन नाथ वासी चनारथल कालोनी कुरुक्षेत्र व जय कुमार वासी गंव हथीरा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने किया काबू

■ पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

महिला थाना की पुलिस टीम ने 14 वर्षीय नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। महिला थाना प्रबंधक शीलावंती ने बताया कि शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को उसके पड़ोस में रहने वाला अजय कुमार पिछले काफी समय से तंग व परेशान कर रहा है और उसकी लड़की को आते जाते रास्ते में रोक लेता है और उसके साथ छेडखानी करता है।

#### नाबालिग उत्पीड़न गंभीर मामला

इस बारे पहले भी कई बार उसके माता पिता को बोला परन्तु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। कुछ दिन पहले उनके घर में जागरण था। उसकी नाबालिग लड़की अपनी छोटी बहन के साथ अपने घर पर बाथरूम करने गई तो आरोपी उनके पीछे पीछे गया और उसकी नाबालिग लड़की का हाथ पकड़ कर उसका मुह दबा लिया और उसके साथ गलत हरकत करने लगा। जब उसकी छोटी लड़की ने शौर मचाया तो उसके पिता दौड कर घर से बाहर आये। जब आरोपी को पकडा तो वह धक्का देकर वहा से भाग गया। जब अगले दिन आरोपी से बात की तो वह मेरे व मेरे बच्चों के साथ गाली गलोच करने लगा और हमको जान से मारने की धमकी देने लगा। इस शिकायत पर पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया।

## दो मंजिला किराना स्टोर में लगी भीषण आग, कीमती सामान आग में जला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला




अंबाला कैंट स्थित अग्रवाल कांप्लेक्स में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक दो मंजिला करियाने की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग की चपेट में आई दुकान का नाम फ्रेश एन ग्रीन है। यह दुकान पहले सब्जी के कारोबार के नाम से ही पहचानी जाती थी और बाद में करियाना स्टोर के रूप में इसे विस्तार दिया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 4 बजे के आसपास दुकान से धुआं निकलता दिखा। कुछ ही देर में आग की लपटें तेज हो गईं और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भयानक थी कि दुकान की दोनों मंजिलों में रखा करियाने का सारा स्टॉक, फर्नीचर, फ्रिज, रैक और अन्य सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक अनुमान शॉर्ट सर्किट का लगाया जा रहा है।



पानीपत। भाकियू जिलाध्यक्ष दिलबाग बिंझौल आदि बिजली निगम के एसई को ज्ञापन देते हुए।

## कृषि क्षेत्र को दिन में बिजली की आपूर्ति पर अड़ी भाकियू

■ बिजली निगम के एसई को भाकियू ने ज्ञापन सौंपा, किसान भवन में समस्याओं को लेकर बैठक हुई

**पानीपत।** भारतीय किसान यूनियन की किसान भवन में जिला स्तरीय मासिक बैठक सोमवार को जिला प्रधान दिलबाग बिंझौल की अध्यक्षता में हुई। वहीं, बैठक में सर्दी के मौसम के दौरान किसानों को खेतों के लिये रात की बजाए दिन में बिजली देने और बिजली देने का समय आठ घंटे से बढाकर बारह घंटे करने की मांग की गई। इसके अलावा हाल ही में करीब 10 गुणा बढाएं गए ट्रैक्टरों के रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण शुल्क को सरकार द्वारा वापस लेने की मांग की गई और सरकार द्वारा ट्रैक्टरों के ड्राइविंग लाइसेंस को जो हैवी लाइसेंस में लाने का प्रयास किया जा रहा है, उसकी कडी निंदा की गई। इधर, मांगें पूरी नहीं होने पर प्रधान दिलबाग बिंझौल ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली के संबंध में बिजली निगम के पानीपत सर्कल के अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन दिया गया है। वहीं, एसई ने आश्वासन दिया कि वे इसके लिये हर संभव प्रयास करेंगे। इधर बैठक में उप प्रधान अनिल कादियान, युवा प्रधान बिंटू मलिक, सुखबीर आटा, सूरजभान रावल, सुधीर मलिक उग्राखेडी, देवेंद्र जागलान, गन्ना समिति प्रधान जयकुंवार कादियान आदि रहे।

### कृषि, एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा बोले, हर किसान करवाए अपनी फसल का बीमा

# बीमा से प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की होगी भरपाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणगढ़

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से फसल बीमा सप्ताह एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेड़कर भवन में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि, मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा थे। कार्यक्रम में एसडीएम शिवजीत भारती, संयुक्त निदेशक सांख्यीकी डा. राजीव मिश्रा, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, कृषि विभाग के उप निदेशक जसविंद्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी , जिला महामंत्री विवेक गुप्ता एवं कर्मचंद गोल्डी सैनी सहित अन्य अधिकारी और भाजपा पदाधिकारी और काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने डॉ. भीमराव अंबेड़कर कमेटी को एक लाख रूपए की राशि देने की घोषणा भी की। मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि रबी 2025-26 के लिए 1 से 7 दिसंबर, 2025 के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 10 वें फसल बीमा सप्ताह के अंतर्गत पूरे प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत यहां से की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की फसल को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई करना है। प्रदेश में पहले भी इस योजना के अन्तर्गत प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसके साथ ही उन्होनें बताया कि खरीफ फसलों पर 2 प्रतिशत प्रीमियम व रबि की फसलों पर 1.5 प्रतिशत प्रीमीयम का प्रावधान है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि सभी किसान भाई अपनी फसल का बीमा जरूर करवाएं व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाएं।



नारायणगढ़। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को सम्मानित करते पूर्व विधायक व अन्य।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. नरेश, मार्केट कमेटी चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली एवं गोपाल मित्तल, मंडल प्रधान जगदीप कौर, विक्रम राणा, पवन गुज्जर, पूर्व सरपंच रणधीर सिंह भूरेवाला, अश्वनी अग्रवाल, राकेश बिंदल, नपा सदस्य जश्न ढींगरा, सुरेंद्र राणा, डॉ. अमित वर्मा , डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अपूर्वा भी मौजूद रही।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जागरूकता सप्ताह शुरू

मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि रबी 2025-26 सीजन के लिए शुरू हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीकरण अभियान के साथ 'फसल बीमा सप्ताह' का आज यहां से शुभारम्भ किया गया है। कार्यक्रम में किसानों से समय पर पंजीकरण कराने, नुकसान की सूचना तुरंत देने और योजना के लाभों को समझकर अन्य किसानों को जागरूक करने की अपील की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों व अन्य लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को लाभ मिला है और प्राकृतिक आपदा, ओलावृष्टि या बिना मौसमी बारिश के कारण होने वाले फसल के नुकसान को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा फसल बीमा योजना की शुरूआत की गई। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे इस योजना को अपनाएं। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल बिक्री की राशि तथा मुआवजे की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में आ रही है। उपनिदेशक जसविंद्र सिंह ने कहा कि किसानों की फसल को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से संरक्षण प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चलाई जा रही है। इस योजना में अब सरकार द्वारा जानवरों द्वारा फसल का नुकसान व जलभराव द्वारा होने वाले नुकसान को भी शामिल किया गया है।

## जीवन को सार्थक बनाने का आधार है गीता : नीरू चौहान

# जगाधरी में श्रीमद्भागवत गीता महोत्सव में भजन संध्या आयोजित, झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर जिले में चल रहे तीन दिवसीय महोत्सव के अवसर पर जगाधरी में श्रीमद्भागवत गीता पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीजी संकीर्तन मंडल कथावाचर नीरू चौहान ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत गीता के सार को समझाया।

श्रीजी संकीर्तन मंडल कथावाचक नीरू चौहान ने कहा कि गीता में धर्म का अर्थ सही आचरण, सही नियम व सही विधि पर चलने का है। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि वह गीता के प्रभाव को समझें। चौहान ने कहा कि सभी गीता के हर श्लोक का मनन करें तथा जीवन में उच्च विचारों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव को मनाने का उद्देश्य भावी पीढ़ी यानि बच्चों में अच्छे संस्कारों का बीज रोपण करना है। श्रीजी संकीर्तन मंडल कथावाचक नीरू चौहान ने कहा कि पुस्तकें सभी की अच्छी मित्र होती हैं और गीता चारों वेदों का सार है। उन्होंने कहा कि गीता हर मुश्किल का समाधान है। गीता जी में मनुष्य के जीवन का सार लिखा है। गीता जी के अध्ययन करने से जीवन सार्थक हो जाता है।

उन्होंने कहा कि आज से लगभग 5000 वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर ज्योतिसर में मोहग्रस्त वीर अर्जुन को गीता का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि यह एक महान ग्रंथ है जिसमें 18 अध्याय व 700 श्लोक हैं। हर व्यक्ति को गीता के संदेश को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाभारत के समय भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का जो उपदेश दिया था वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय था। चौहान ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे गीता के उपदेशों को आत्मसात कर जीवन को सार्थक बनाएं।



यमुनानगर। जगाधरी में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर श्रीमद्भागवत गीता पर भजन संध्या में गीता के सार को श्रद्धालुओं को समझाते हुए कथावाचर नीरू चौहान।

### गीता में है समस्याओं का समाधान

*कथावाचक नीरू चौहान ने कहा कि गीता में सभी समस्याओं का समाधान है। जीवन में गीता के उपदेशों को आत्मसात कर अनेक समस्याओं व मानसिक तनाव से मुक्ति पाई जा सकती है। श्रीमद्भागवत गीता हमें सीखाती है कि हमें प्रतिक्रिया नहीं करनी है। बल्कि हमें गुण, कर्म, ध्यान को पहचानना है। श्रीमदभागवत गीता गंगा और गायत्री से भी बढ़कर है। गीता तो स्वयं भगवान श्रीकृष्ण जी के मुखारविंद से निकली है। इसलिए उसे सभी शास्त्रों से बढ़कर कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। श्रीमद्भागवत गीता यश्री कृष्ण का पार्थ को दिया हुआ संदेश मात्र ही नहीं है। बल्कि यह जीवन सघर्ष में प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्त्रोत है।*




यमुनानगर। लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को गीता के विषय में जानकारी देती वक्ता।

### विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत गीता के महत्व से करवाया अवगत

राद़ौर । लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में सोमवार को गीता जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को गीता के महत्व के बारे में बताया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या मंजू रानी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल की प्रधानाचार्या मंजू रानी ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत गीता के महत्वपूर्ण ज्ञान कर्मयोग, ज्ञानयोग एवं भक्तियोग से जुड़े जीवन-मार्गदर्शक संदेशों की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्या मंजू रानी ने बताया कि महाभारत के युद्ध भूमि में श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को कर्तव्य, धर्म, सत्य, साहस व कर्म करते रहने का जो दिव्य उपदेश दिया था। वही संदेश आज भी हमारा मार्गदर्शन करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे गीता के उपदेश सकारात्मक सोच, सत्य-निष्ठा, कर्तव्य पालन व आत्मविश्वास को अपने जीवन में अपनाएं। विद्यार्थियों ने गीता पाठ किया।

## खबर संक्षेप



### हाथ मिलाने से नहीं फैलता एड्स : डॉ. सिंह

**यमुनानगर।** जिला जेल प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जिला जेल परिसर में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में जिला सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र सिंह ने भाग लिया। मौके पर उप सिविल सर्जन (एड्स) डॉ. चारु कालरा भी मौजूद रही। मुख्य वक्ता एवं जिला सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित सुई के प्रयोग करने से, असुरक्षित यौन संबंध से व एचआईवी संक्रमित मां से उसके होने वाले बच्चे को हो सकता है। उन्होंने बताया कि हाथ मिलाने से, साथ बैठने से, एक दूसरे के कपडे इस्तेमाल करने से, आफिस या स्कूल में साथ काम करने से, मच्छर के काटने से एचआईवी नहीं फैलता है। उन्होंने कहा कि असुरक्षित यौन संबध इसकी एक बड़ी वजह है। मौके पर जिला जेल के 36 बंदियों की जांच की गई।




### वर्ल्ड एड्स डे पर किया जागरुकता कार्यक्रम

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर के प्रांगण में सोमवार को वर्ल्ड एड्स डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के एचआईवी परामर्शदाता राम कुमार ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। मौके पर रेड रिबन क्लब के कन्वीनर प्रो. आशीष भल्ला भी मौजूद रहे।मुख्य वक्ता राम कुमार ने बीमारी के कारण, लक्षण एवं उपाय से अवगत कराया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को इस बीमारी के प्रति सजग किया। इसके साथ जुड़े भ्रम के बारे में भी विद्यार्थियों को जागृत किया। कार्यक्रम के अंत में इस बीमारी से संबंधित शंकाएं भी दूर की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. माला शर्मा ने समय समय पर ओर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए विद्यार्थियों को आश्वासन दिया।



### एड्स रोकथाम के लिए जागरुकता की ली शपथ

**रादौर।** युवा रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधान में सोवार को जेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एडस रोकथाम के लिए समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा रेडक्रास सोसायटी की प्रभारी डॉ. नीति साखुजा ने किया। युवा रेडक्रास सोसायटी की प्रभारी डॉ. नीति साखुजा ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इससे जुड़े मिथकों को दूर करना व समाज में स्वास्थ्य एवं मानवता की दिशा में सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों व युवा रैडक्रास टीम ने एचआईवी संक्रमण के कारण, रोकथाम के उपाय, उपचार की उपलब्धता तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान विद्यार्थियों को समझाया गया कि जागरूकता, सुरक्षित व्यवहार और संवेदनशीलता ही एड्स के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार हैं। इसके बाद सभी विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने एचआईवी एड्स रोकथाम, जागरूकता फैलाने और समाज में सकारात्मक संदेश देने की शपथ ली। संस्थान के निदेशक ने युवा रैडक्रास सोसाइटी की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को जागरूक बनाते हैं। बल्कि उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।


छछरौली मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी।

### व्यापारी व किसान प्रतिनिधियों ने की बैठक

**यमुनानगर ।** मार्केट कमेटी छछरौली कार्यालय में क्षेत्र के व्यापारी व किसान प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मार्केट कमेटी छछरौली के चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने की। चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने कहा कि मार्केट कमेटी छछरौली द्वारा किसानों और व्यापारियों के हितों के लिए कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रताप नगर में सब्जी मंडी शुरू की जाएगी व अनाज मंडी में एलईडी लाइट्स लगाई जाएंगी। इसका प्रस्ताव पास कर बोर्ड में भेजा जा रहा है। चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मंडियों में आधुनिक और ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मार्केट कमेटी के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन व सदस्यों की नियुक्ति की गई है। इससे मंडियों के विकास कार्य में और तेजी आएगी। चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल लगातार हरियाणा सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मौके पर वाइस चेयरमैन योगेश अग्रवाल ने बैठक में मौजूद व्यापारी व किसान प्रतिनिधियों व सदस्यों और अधिकारियों की धन्यवाद किया। मार्केट कमेटी सचिव ऋषिराज यादव द्वारा बैठक में मार्केट कमेटी छछरौली द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, अशोक गांधी,अंकुश शर्मा,ओमकार सिंह देवधर, अश्वनी कुमार, सुधीर गर्ग, कालाराम, सुलेख चंद, अनिल वालिया, धीरज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# महिंद्र सिंह डेरा में सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

महिंद्र सिंह डेरा कालोनी रादौर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने से लोग परेशान हैं। कालोनी में ना तो पक्की गलियां हैं और ना ही गंदे पानी की निकासी का कोई इंतजाम है। आलम यह है कि कालोनी में गंदे पानी की निकासी नहीं होने से गंदे पानी ने तालाब का रुप धारण कर लिया है। जिससे लोगों को बीमारियां फैलने की आशंका बन गई है। कालोनी के लोगों ने जिला प्रशासन और सरकार से कालोनी में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाए जाने की मांग की है। कॉलोनी निवासी जंगशीर, नशीर खान, नफीसए लालचंद, रशीद, जरनैल सिंह, तरूण, राजा, मोहन व सोनू आदि ने बताया कि कस्बा के बकाना मार्ग स्थित महिंद्र सिंह डेरा कॉलोनी नगरपालिका रादौर का हिस्सा है। लेकिन कॉलोनी में नगरपालिका की ओर से कोई भी ना तो मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं और ना ही विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। कॉलोनी में जगह जगह गंदगी पड़ी हुई है। नगरपालिका के सफाई कर्मचारी महीने में एक या दो बार ही सफाई करने आते है। वहीं घरों से कुड़ा लेने भी कोई नहीं आता। है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में 100 से अधिक परिवार रहते हैं। लेकिन कॉलोनी की आज भी बहुत सी गलियां कच्ची हैं। बार बार मांग करने पर भी कॉलोनी में नगरपालिका गलियां पक्की नहीं करवा पाई है। नगरपालिका की ओर से कॉलोनी में दो महीने पहले 10 स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थी। लेकिन आज तक नगरपालिका की ओर से स्ट्रीट लाइटों को शुरू करने के लिए बिजली की केबल तक नहीं डाली गई। कॉलोनी में पीने के पानी के लिए कोई पाइपलाइन नहीं है। जबकि सरकार की ओर से रादौर में 25 किलोमीटर पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाने के दावे किए गए हैं। लोग नलकों का दुषित पानी पीकर बीमार हो रहे हैं। वहीं, कॉलोनी में कोई सीवरेज व्यवस्था नहीं है। जिस कारण घरों का गंदा पानी कॉलोनी के खाली प्लाटो में खड़ा रहता है।



यमुनानगर । रादौर की महिंद्र सिंह डेरा कॉलोनी में खाली पड़े प्लाटों में जमा गंदा पानी व जानकारी देते हुए कॉलोनी के लोग।

### कॉलोनी में जल्द बिछाई जाएगी पाइप लाइन

*जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रवि नायक ने बताया कि कॉलोनी में सीवरेज व पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाने को लेकर कार्य किया जा रहा है। कॉलोनी छोटाबांस से सवा किलोमीटर दूर है। जिसको लेकर कॉलोनी में पीने के पानी व सीवरेज की लाइन सड़क के साथ साथ बिछाने को लेकर योजना पर कार्य किया जा रहा है। वहीं नगरपालिका के जेई कपिल कांबोज ने बताया कि कॉलोनी में कच्ची गलियों को जल्द पक्का करवाया जाएगा।*

# छात्राओं को गुड टच-बैड टच की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम द्वारा सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साढ़ौरा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को गुड टच व बैड टच समेत ट्रिप मॉनिटरिंग और डायल 112 के बारे में जागरुक किया गया। कार्यक्रम में सेफ सिटी टीम के निरीक्षक रवीन्द्र कुमार व एएसआई नीलम ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं एएसआई नीलम ने छात्राओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से जुड़े कानूनों, कानूनी संरक्षण और अधिकारों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं के अन्दर आत्मविश्वास व आत्मरक्षा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से किया गया। एएसआई नीलम ने बताया कि कोई भी महिला किसी भी आपातकालीन स्थिति में डायल 112 पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकती है। उन्होंने छात्राओं को गुड टच एंव बैड टच के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की यदि कोई गलत नीयत से छूता है तो उसे तुरंत टोकना चाहिए। ऐसे लोगों की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों से या फिर किसी ऐसे व्यक्ति को देनी चाहिए जिस पर आपको विश्वास हो। एएसआई नीलम ने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के तहत यौन अपराधों की विस्तृत परिभाषा के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल यौन शोषण बच्चों के किसी भी अंग को गलत तरीके से छूना, निजी अंगों पर टिप्पणी करना, गलत तस्वीर दिखाना तथा अन्य वैसे सभी प्रकार के शारीरिक संपर्क जिससे बच्चे असहज महसूस करें बाल यौन शोषण की श्रेणी में आते हैं। छात्राओं को बाल यौन शोषण की घटना की रिपोर्ट करने के प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया कि ऐसे घटनाओं की शिकायत करने में संकोच नहीं करें। छात्राओं को आत्मरक्षा करने के तरीकों, कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया और बेखौफ होकर शरारती तत्वों के खिलाफ शिकायत के लिए भी हौंसला बढ़ाया गया।


**यमुनानगर ।** के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साढ़ौरा में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए मुख्य वक्ता।

### आजादी की लड़ाई में था खुदीराम बोस का अहम रोल

## अग्रवाल वैश्य समाज ने मनाया शहीद खुदीराम बोस का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा रादौर में सोमवार को शहीद खुदीराम बोस का श्रद्धापूर्वक जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रदेश संगठन मंत्री एवं एडवोकेट पुनीत गर्ग ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया।

■ एडवोकेट पुनीत गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

मुख्यातिथि एडवोकेट पुनीत गर्ग ने कहा कि खुदीराम बोस का जन्म 1 दिसंबर 1889 को हुआ था। 18 वर्ष की आयु में देश की आजादी की लडाई लडते हुए अंग्रेजों ने उन्हें 11 अगस्त 1908 को फांसी की सजा दी थी। खुदीराम बोस बचपन से ही पक्के देशभक्त थे। जो छोटी आयु में ही अंग्रेजों से लोहा लेने लगे थे। उन्होंने अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था। अंग्रेजों ने उन्हें देशद्रोही करार देते हुए फांसी की सजा दी। उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। हमें खुदीराम बोस की तरह भारत माता की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारे शहीदों के कारण हम आज खुले आसमान के नीचे आजादी की सांस ले रहे है। यह सब लाखों शहीदों की कुर्बानी के कारण संभव हो सका है।



**यमुनानगर।** गांव धौडंग में ईंट भट्ठा पर जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित करने पहुंचे सेवादार। फोटो : हरिभूमि

## ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी ने ईंट भट्टे पर बांटे गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

> प्रवासी मजदूरों व उनके जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए गर्म वस्त्र

शाह सतनाम ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों ने सोमवार को रादौर क्षेत्र के धौडंग ईंट भट्टों पर कार्यरत प्रवासी मजदूरों व उनके बच्चों को क्लॉथ बैंक की मदद से गर्म वस्त्र भेंट किए। ताकि मजदूरों के बच्चों को सर्दी की ठिठूरन से बचाया जा सके।

कमेटी की सेवादार बहन पुष्पा इन्सां व रीना इन्सां ने बताया कि संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा पर चलते हुए साध संगत मानवता भलाई के कार्य कर रही है। जिसके तहत कमेटी के क्लॉथ बैंक से जरूरतमंदों को निःशुल्क कपड़े देना व उनकी सहायता की जाती है। उन्होंने बताया कि सोमवार को गांव धौड़ंग के ईंट भट्ठा के प्रवासी श्रमिकों व उनके बच्चों को गर्म कपड़े भेंट किए। गर्म कपड़े पाकर श्रमिकों व उनके बच्चों के चेहरे पर दिखी मुस्कान साफ ब्यान कर रही थी कि उनकी यह मदद उनके लिए बढ़ती सर्दी के दिनों में ठिठुरन से बचाव में विशेष राहत देगी। सेवादार हेम सिंह इन्सां ने बताया कि हर मानवता भलाई केंद्र में क्लॉथ बैंक बना हैं। जहां साध संगत द्वारा नए व पूराने साफ सुथरे कपड़े जमा करवाए जाते हैं। जिनकी सेवादार बहनों द्वारा सम्भाल की जाती हैं। समय अनुसार जरूरतमंदों को वितरित उनकी मदद की जाती हैं। उन्होंने बताया कि जरूरतमंदो को दिए गए ये गर्म कपड़े उन्हें सर्दी से कुछ राहत देने का काम करेंगें। वहीं श्रमिकों की मुख्य कामदार रमैया ने कहा कि उन्होंने डेरा अनुयायियों के कार्यो को बहुत नजदीक से देखा है। डेरा अनुयायी मानवता भलाई कार्य में अग्रणी भूमिका में रहकर कार्य करते हैं। इस बार भी उन्होंने सैकड़ों जरूरतमंद भाई बहनों को गर्म कपड़े देकर उनकी मदद की। इस अवसर पर जसवंत इन्सां, सोमपाल इन्सां, एवन इन्सां, वीरेन्द्र इन्सां व रजत इन्सां आदि मौजूद रहे।

**जागरुकता** जगाधरी के हुडा सेक्टर 17 के सामुदायिक केंद्र में तीन दिवसीय जिलास्तरीय स्वास्थ्य जांच शिविर

# सरकार सफाई कर्मचारियों के उत्थान के प्रति गंभीर : कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के निर्देशों पर सफाई कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नगर निगम यमुनानगर द्वारा सोमवार को जगाधरी के हुडा सेक्टर 17 के सामुदायिक केंद्र में तीन दिवसीय जिलास्तरीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार व विशिष्ठ अतिथि मेयर सुमन बहमनी ने किया। शिविर में नगर निगम के 102 सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।



**यमुनानगर।** सामुदायिक केंद्र में तीन दिवसीय जिलास्तरीय स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करने के दौरान संबोधित करते हुए मुख्यातिथि एवं आयोग के चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार।

मुख्यातिथि एवं चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा है कि सफाई कर्मचारियों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आयोग तेजी से कार्य कर रहा है।

आयोग सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है। इसी को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में जिलास्तर पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। ताकि कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। सफाई कर्मचारी का स्वास्थ्य ठीक है तो हमारा शहर के सफाई व्यवस्था दुरुस्त है। आयोग की तरफ से सभी सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य जांच की मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने सभी सफाई कर्मचारियों को मास्क लगाकर सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। ताकि सांस की बीमारियों से बचा जा सके।

साथ ही सभी कर्मचारियों को अपने अपने क्षेत्र को साफ स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ माह पहले उनके संज्ञान में सफाई कर्मचारियों के एरियर का मुद्दा सामने आया था। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी व मुख्य सचिव से बातचीत कर यमुनानगर के सफाई कर्मचारियों का रुका हुआ लगभग छह करोड़ रुपये का एरियर दिलाने का कार्य किया। मौके पर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए जांच शिविर लगाने का निर्णय बेहतर कदम है।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक, पार्षद प्रियांक शर्मा, सीएसआई अनिल नैन, सीएसआई विनोद बेनीवाल, एसआई प्रदीप दहिया व बिट्टू आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव : सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकार दिखा रहे अपना हुनर

# ब्रह्मसरोवर बना कला और संस्कृति का अद्भुत संगम स्थल

## शिल्पकारों की कला के बेजोड़ नमूने बढ़ा रहे महोत्सव की शोभा, 5 तक चलेगा शिल्प और सरस मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर पवित्र ब्रह्मसरोवर के घाट कला और संस्कृति के अदभुत संगम स्थल बन गए है। इस दृश्य का आनंद लेने और अपने मोबाइल में कैद करने के लिए देश और प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु और पर्यटक बड़े उत्साह के साथ पहुंच रहे है। इन पर्यटकों का उत्साह उस समय झलकता है जब विभिन्न प्रदेशों के वाद्य यंत्रों और लोक नृत्यों के साथ पर्यटक झूम उठते है। अहम पहलू यह है कि हरियाणा पैवेलियन में हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहर संजोए बेजोड़ नमूने, हरियाणा की आन-बान-शान देहाती पगड़ी, हरियाणा के पारम्परिक व्यंजन, देशी ठाठ-बाट, रहन-सहन, खेत-खलिहान, मध्य प्रदेश के पवेलियन में झलकती सांस्कृतिक धरोहर इस महोत्सव के आनंद को ओर बढ़ाने का काम कर रही है। महोत्सव के 17वें दिन सरस और शिल्प मेले का आनंद लेने और खरीददारी करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक ब्रह्मसरोवर के घाटों पर नजर आए। यह महोत्सव चरम सीमा पर पहुंच चुका है और आने वाले दिनों में भी लाखों लोगों के पहुंचने की सम्भावना है। इस महोत्सव में लगातार बढ़ रही भीड़ से यह आकलन किया जा सकता है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव प्रदेश ही नहीं देश-विदेश के पर्यटकों का एक विशेष उत्सव बन चुका है और इस उत्सव में अपनी भागीदारी और मौजूदगी को दर्ज करवाने के लिए देश-विदेश से लोग ब्रह्मसरोवर के तट पर पहुंच रहे है। विभिन्न प्रदेशों की लोक और शिल्प कलाओं को देखकर ऐसा मालूम होता है कि इन कलाओं का यह संगम पर्यटकों को अपनी ओर चुम्बक की तरह खींच रहा है। शिल्प और सरस मेले का आनंद लेने के उपरांत विभिन्न प्रदेशों के व्यंजन जिनमें राजस्थान के चूरमे, कश्मीर का काहवा व चाय, गोहाना की जलेबी, छोले-भटूरे, पाव-भाजी आदि, पर्यटकों के जीभ के स्वाद को भी बढ़ा रहे है। इस महोत्सव में पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्यटक लोक कलाओं और खानपान का भरपूर आनंद ले पाए इसकी व्यवस्था पर प्रशासन नजर रखे हुए है। प्रशासन के आलाधिकारी समय-समय पर ब्रह्मसरोवर के कार्यक्रमों स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य प्रबंधों का भी जायजा ले रहे है और जहां भी कमी नजर आती है, उसे तुरंत दुरुस्त करवाने का काम किया जा रहा है। केडीबी और प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए हर प्रकार के पुख्ता इंतजाम किए गए है और महोत्सव की तमाम गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। हालांकि महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम समाप्त चुके है लेकिन पर्यटक इस महोत्सव के शिल्प और सरस मेले का आनंद 5 दिसंबर तक उठा सकते है।





महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार

### खास बातें

- विभिन्न प्रदेशों के लोक नृत्य, वाद्य यंत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पर्यटकों को झूमने पर मजबूर कर रही
- विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजन जैसे चूरमा, कश्मीरी काहवा, गोहाना की जलेबी पर्यटकों के स्वाद को लुभा रहे
- प्रशासन और केडीबी ने की चाक-चौबंद व्यवस्थाएं

## देश-विदेश से आए पर्यटक उठा रहे हरियाणवी खाणे का आनंद



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर हरियाणा पेवलियन में देश-विदेशों से आये पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। हरियाणा पेवलियन में एक ओर जहाँ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों के द्वारा स्वयं एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न स्टॉल लगाये गये है वही, मीडिया चौपाल पर हरियाणा संस्कृति और गीता के संदेशों का प्रचार प्रसार हो रहा है वही दूसरी ओर हरियाणवी खाण-पाण के स्टॉलो पर देश-विदेशों से आये पर्यटकों की अपार भीड़ उमड रही है। इस अवसर पर युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक और हरियाणा पेवेलियन के संयोजक प्रो. विवेक चावला ने कहा कि पिछले दो वर्षो की भांति हरियाणा पवेलियन में खान-पाण के विभिन्न स्टॉल लगाये जाते रहे हैं लेकिन इस बार इन स्टॉलों पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के विशेष निदेर्शानुसार विशेष तौर पर हरियाणवी खाण-पाण में सर्दियों में बनने वाले खाण-पाण पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रोफेसर विवेक चावला ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का तो विशेष निर्वाहन कर करता ही है उसी प्रकार देश-विदेशों से आये पर्यटकों की आवभगत के लिए हरियाणा पवेलियन में हरियाणवी खाण-पाण पर विशेष जोर दे रही है। प्रोफेसर चावला ने कहा कि हरियाणा खाण-पाण स्टॉलों पर हरा साग, बाजरे की रोटी, मक्कई की रोटी, चूरमा, सरसों का साग और हरियाणवी जलेबी खासकर गोहाना की जलेबियों का प्रबंध है जिसका पर्यटक अपने परिवार, दोस्तों के साथ आनंद ले रहे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा खाण-पाण को स्टॉल को संचालित करने वाले प्रेमपाल और शिवा अपनी टीम के साथ जन-जन की सेवा में लगे हुए है जो बेहद काबिले तारीफ है।

## गीता के उपदेशों की गाथा को जीवंत रखने का काम कर रही राज्य स्तरीय प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक चलने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के सरस और शिल्प मेले में ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा 24 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 तक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी लगाई है। इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में गीता के उपदेशों को विश्व पटल पर जीवंत रखने का काम किया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा अपने अपने विभाग से सम्बन्धित स्टॉल लगाए गए है। ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में लगी राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में अपने-अपने विभिन्न विभाग से सम्बन्धित योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।



### इन विभागों ने लगाए स्टॉल


विभागों में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, पर्यटन विभाग हरियाणा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, पंचायत विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, वीटा, बागवानी विभाग, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, पुरातत्व संग्रहालय विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, हैफेड विभाग आदि द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं को प्रदर्शित किया जा रहा है।

## निशुल्क भगवद्-गीता शिक्षा दे रहा जीआईवीई



**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के सरस और शिल्प मेले में ब्रह्मसरोवर क पावन तट पर जीआईवीई का दिव्य स्टॉल (543) हजारों आगंतुकों के लिए आशा, प्रेरणा और ज्ञान का केंद्र बन गया है। गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वैदिक एजुकेशन श्रील प्रभुपाद के शिष्य डॉ. वृंदावन चंद्र दास द्वारा स्थापित ने इस वर्ष एक अभूतपूर्व सेवा की शुरूआत की है। यह पहल सिर्फ ज्ञान प्रदान करने के लिए नहीं, बल्कि जीवन बदलने के लिए है। हर वह व्यक्ति जो यहां आता है, वह गीता की एक ऐसी ऊर्जा महसूस करता है जो उसे भीतर से आध्यात्मिक ज्ञान लेने ले लिए प्रेरित करती है।

## मीडिया चौपाल पर हरियाणवी कच्ची घोडी नृत्य शो से गीता का प्रचार प्रसार



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर हरियाणा पैवेलियन में मीडिया चौपाल पर हरियाणवी घोडी पार्टी ने अपने हरियाणवी गीतों और हरियाणवी डांस शो से हरियाणवी संस्कृति के साथ पवित्र गीता के संदेशों का प्रचार-प्रसार किया। इस अवसर पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि हरियाणा पैवेलियन में पहली बार लगाई गई मीडिया चौपाल कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि मीडिया चौपाल के माध्यम से देश-प्रदेश से आये पर्यटकों और कलाकारों को अपनी-बात कहने का मंच प्राप्त हुआ है जिससे वे अपनी कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि मीडिया चौपाल पर कलाकारों से बातचीत और पॉडकास्ट के जरिये हरियाणा कला संस्कृति और पवित्र गीता का प्रचार-प्रसार करना है। प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि हरियाणा पैवेलियन में पहली बार लगी मीडिया चौपाल पर हरियाणवी संस्कृति के लोक कलाकारों, कवियों, प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं, गुरु-संतों, बाबाओं, विद्यार्थियों और आम लोगों के मनोभावों को पॉडकास्ट और रील के माध्यम से गीता के संदेश का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस कडी में मास्टर राजकुमार की कच्ची घोड़ी (बुसाना, गोहाना) ने अपनी गायन शैली और नृत्य शैली से दर्शकों को आंनदित किया है।

## श्रीकृष्ण आयुष विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में 2 दिसंबर को भगवद्गीता का पैराडाइमः स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए समग्र दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का सानिध्य मिलेगा। संगोष्ठी में डीएमआईएचईआर (नागपुर) के प्रो-चांसलर प्रो. (डॉ.) वेद प्रकाश मिश्रा तथा सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली के सीनियर सर्जन प्रो. (डॉ.) बी.बी. अग्रवाल बतौर रिसोर्स पर्सन शामिल होंगे। देशभर के विभिन्न आयुर्वेदिक संस्थानों से 500 से अधिक प्रतिभागियों के शिरकत करने की संभावना है। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने सभी समितियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया और कार्यों की अंतिम रूपरेखा सुनिश्चित की।

## श्रीकृष्ण-अर्जुन मंदिर में हजारों कृष्ण भक्तो ने किया गीता पाठ और यज्ञ

**थानेसर।** ज्योतिसर में स्थित श्रीकृष्ण-अर्जुन मंदिर में इस्कॉन द्वारा गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि इस्कॉन के चेयरमन परम पूज्य गुरु प्रसाद स्वामी महाराज, वरिष्ठ अधिकारी महामन प्रभुजी, और वृंदावन के परम पूज्य भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज रहे। इस पवित्र अवसर पर परम पूज्य भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज ने 50 से अधिक युवा भक्तों के साथ ज्योतिसर तीर्थ का दौरा किया। महाराज ने इस स्थान को धर्म का मूल स्त्रोत बताते हुए गीता माहात्म्य का पाठ किया और सभी को गीता के दिव्य संदेश को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात ज्योतिसर तीर्थ में भक्तों ने संकीर्तन के साथ परिक्रमा कर भगवान श्रीकृष्ण को अपनी भक्ति अर्पित की। महोत्सव का मुख्य आकर्षण श्रीकृष्ण-अर्जुन मंदिर में सुबह 9 बजे से आयोजित गीता यज्ञ रहा। इस यज्ञ में गीता के 700 श्लोकों का उच्चारण किया गया और इन पर आहुति दी गई। इस्कॉन के गीता महोत्सव में 1000 से अधिक भक्तों ने भाग लिया, जो हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश जैसे विभिन्न राज्यों से आए थे।



## हरियाणा योग आयोग के प्रयासों से ही सरकारी कार्यालयों में योग ब्रेक हुआ संभव : डॉ जयदीप

### हवन यज्ञ के साथ आयोग का तीन दिवसीय ध्यान योग शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा योग आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित ध्यान योग शिविर के तीसरे व अंतिम दिन आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य, वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल, सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा व जयपाल शास्त्री, रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार, जिला संघ चालक रणजीत सिंह, पतंजलि योग समिति से पाला राम मंडल प्रभारी, बलविंदर जिला प्रभारी कुलवंत सिंह जी जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान महेंद्र कनथला मीडिया प्रभारी हरियाणा की मीडिया प्रभारी हरियाणा, राम सिंह जिला युवा प्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति से निरुपमा भट्टी, मीडिया प्रभारी हरियाणा, मंजू नरवाल जिला प्रभारी, सुमन, दया, सुनीता, यूथ रेड क्रॉस से पायल, संजना और मोहित, जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ जागीर सिंह सहित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम सत्र में पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति व यूथ रेड क्रॉस ने सूक्ष्म व्यायाम, योगासन, प्राणायाम व ध्यान साधना का सुंदर अभ्यास करवाया। द्वितीय सत्र में हार्टफुलनेस की प्रांत प्रभारी लवलीना बहिन ने ज्ञान के लिए शुद्धिकरण की तकनीक सिखाई। डॉ मेवा सिंह भी उपस्थित रहे। डायरेक्टर, एनआईडी, डॉ रमणीक कौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि आजकल सभी अपने में ही व्यस्त हैं। योग से हम समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य ने बताया कि आयोग के प्रयास से प्रदेश के लगभग 1000 गांवों में योग शालाएं स्थापित की गई हैं जिस में आयुष योग सहायक प्रतिदिन ग्राम वासियों को योग करवाते हैं।



**कुरुक्षेत्र।** चेयरमैन हरियाणा योग आयोग को सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाते पतंजलि योग समिति में महिला पतंजलि योग समिति के प्रतिनिधि।

## गुरुकुल कुरुक्षेत्र में इंटर-गुरुकुल क्विज प्रतियोगिता ने छात्रों को किया मंत्रमुग्ध



**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने एक ऊर्जा से भरपूर और बौद्धिक रूप से उत्साहजनक इंटर-गुरुकुल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुकुल कुरुक्षेत्र के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. परवीन कुमार शर्मा के प्रेरणादायक संबोधन से हुई, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा मुख्य आयोजक का परिचय कराया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे कर्नल वेम्बु शंकर, शौर्य चक्र—भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी, प्रसिद्ध क्विजमास्टर, बीबीसी मास्टरमाइंड इंडिया के फाइनलिस्ट, और कौन बनेगा करोड़पति के विशेषज्ञ पैनलिस्ट। अपनी अद्वितीय अनुभवधारिता, तीक्ष्ण बुद्धि और दिलचस्प अंदाज के साथ, कर्नल शंकर ने प्रतियोगिता के स्तर को पेशेवर ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया। उनकी गतिशील पूछताछ शैली और तत्पर संवाद ने पूरे कार्यक्रम में रोमांच बनाए रखा, जिससे प्रतियोगिता ज्ञानवर्धक और मनोरंजक दोनों बनी।

## जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि मंगलवार 2 दिसंबर को नए लघु सचिवालय के सभागार में सायं 3 बजे जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री राजेश नागर करेंगे। इस बैठक में रखे गए एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और एजेंडे से संबंधित अधिकारी अपनी जानकारी देंगे।



**कुरुक्षेत्र।** महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना के मुख्य व्यवस्थापक राजेश सिंगला को डा. शांति स्वरूप शर्मा अवॉर्ड देते हुए परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी व अन्य।

## मैसी के मुख्य व्यवस्थापक राजेश सिंगला को डा. शांति स्वरूप शर्मा अवॉर्ड से किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** जयराम विद्यापीठ परिसर में गीता जयंती महोत्सव पर महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) के मुख्य व्यवस्थापक राजेश सिंगला को स्वतंत्रता सेनानी डा. शांति स्वरूप शर्मा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। श्री जयराम विद्यापीठ में आयोजित आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों की मौजूदगी में यह सम्मान दिया गया। जानकारी देते हुए देशभर में फैली श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने बताया कि पिछले 20 सालों से डा. शांति स्वरूप शर्मा अवॉर्ड श्री जयराम विद्यापीठ के गीता जयंती महोत्सव के दौरान किसी विद्वान एवं प्रमुख हस्ती को उसके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए दिया जा रहा है। स्वतंत्रता सेनानी डॉ शांति स्वरूप शर्मा एवं श्रीमती लीलावती चैरिटेबल ट्रस्ट के सतीश शर्मा, विनोद शर्मा एवं डा. अरविंद शर्मा ने बताया कि इस वर्ष यह अवार्ड महाराजा अग्रसेन शिक्षा योजना (मैसी) के मुख्य व्यवस्थापक राजेश सिंगला को दिया गया, क्योंकि उनकी संस्था ने करीब दो दशकों से 192 जरूरतमंद बच्चों को तीसरी कक्षा से डिग्री एवं पोस्ट डिग्री कॉलेज मं शिक्षा के लिए आर्थिक मदद देने का बीड़ा उठाया है। जो समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य है। इस मौके पर मैसी के अध्यक्ष मनीष सिंगला एवं विनय गुप्ता, विनोद शर्मा, राजेंद्र सिंघल, टेकसिंह लोहार माजरा, रजनीश गुप्ता भी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** पूरा आयोजन स्थल तालियों और उत्साह से गूंजा, ढाई घंटे तक माहौल बना रहा

## लाडवा में सूफियाना रंगः कंवर ग्रेवाल ने गीता जयंती समारोह में बांधा समा

- इश्क बुल्ले नू नचावे, छल्ला, वाज फकीरां दी, गीतों पर दर्शक थिरकते
- आयोजक समिति ने कंवर ग्रेवाल को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह के अंतर्गत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह संगीत, नृत्य और कला का अनूठा संगम बन गया। हिंदूस्तान के लोकप्रिय सूफी गायक कंवर ग्रेवाल ने अपने दमदार सुरों से ऐसा सूफियाना रंग जमाया कि पूरा प्रांगण तालियों और हुंकारों से गूंज उठा। इसना ही नहीं कंवर ग्रेवाल की गायिकी ने उपस्थिती को नाचने पर मजबूर कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने लाडवा में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के दूसरे दिन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में गायक कंवर ग्रेवाल देर रात करीब 8 बजे मंच पर पहुंचे। उन्होंने ना जाइं मस्ता दे वेड़े तेनू मस्त बना देणगे बीबा...जैसे सूफियाना गीतों से समां बांध दिया। कंवर ग्रेवाल ने इश्क बुल्ले नू नचावे..., और छल्ला जैसे हिट गानों से ऐसा माहौल बनाया कि दर्शक लगातार झूमते रहे। ह्यटिकटां दो लैंली..., ह्यवाज फकीरां दी... और तू गड़वा मैं तेरी डोर... की धुनों ने संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओपन स्टेज पर प्रस्तुति को लेकर उन्होंने कहा कि यहां आने वाले श्रोता बेहद समझदार हैं और उनसे बनी केमिस्ट्री हमारे कलाकार के लिए बेहद खास रही। करीब ढ़ाई घंटे की प्रस्तुति के दौरान ग्राउंड खचाखच भरा रहा और हर ओर तालियों की गूंज सुनाई दी।



**लाडवा।** सूफी गायक कर ग्रेवाल को सम्मानित करते अधिकारी।

## विद्यार्थियों को गीता में दिखाएं रास्ते पर चलना चाहिएः घुम्मन



**शाहबाद।** सतलुज एजुकेशन सोसाइटी के निदेशक डॉ आरएस घुम्मन ने कहा कि गीता एक पुस्तक नहीं बल्कि महाग्रंथ है, जीवन की हर समस्या का समाधान इसमें खोजा जा सकता है। गीता जीवन जीने की कला सिखाती है, विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों के अलावा गीता का अध्ययन कर उसमें दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। सोमवार को शाहाबाद के मारकंडेश्वर मंदिर में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के चौथे दिन के प्रातः कालीन सत्र में आयोजित गीता चांटिंग (1 मिनट एक साथ गीता पाठ ) व गीता वैश्विक पाठ के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़े गर्व की बात है कि शाहाबाद में पहली बार जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का आयोजन हुआ है। श्री कृष्ण ने कुरूक्षेत्र की धरती पर गीता का जो संदेश दिया था उस पर अमल करते हुए आज मानव अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। निष्फल कार्य करने की इस प्रथा को आगे आने वाली पीढ़ी भी कायम रखें, इसके लिए ऐसे महोत्सवों का आयोजन करना अति आवश्यक है। अति विशिष्ट अतिथि दीपक सिंघल ने कहा कि युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है, भविष्य तभी सुरक्षित रहेगा जब उनका वर्तमान सकरात्मक होगा और सकरात्मक विचारों व कार्यो के लिए उन्हें धर्म गीता का ज्ञान होना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल कुमार, साहिल उर्फ सागर उर्फ बिल्ला व सूरज उर्फ सैफ अली को गिरफ्तार किया है। सपेड़ा के रवि मोहम्मद ने 22 नवंबर 2025 को डीआरएम कार्यालय के पास आरोपियों ने उससे नकदी व मोबाइल लूट लिया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-2 के पुलिस दल को सौंप दी थी।

### मारपीट के मामले में वांछित आरोपी दबोचा

**अंबाला।** पुलिस द्वारा पीओ की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान मारपीट व धमकी देने के मामले में सात साल से वांटेड आरोपी सागर उर्फ मिंटू को काबू किया है। घेलकलां गांव की भरत कॉलोनी के रहने वाले सागर को पुलिस लंबे समय से तलाश रही थी। प्रबंधक थाना अंबाला सदर उप निरीक्षक शंभू लाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष 2018 में लड़ाई-झगड़े का मामले दर्ज किया हुआ था। मामले में आरोपी को अदालत ने पीओ घोषित किया था। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज लड़ाई-झगड़ा कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अभि को गिरफ्तार किया है। डेहा कॉलोनी के सन्नी ने 30 नवंबर शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अभि ने उसके घर पर उससे लड़ाई झगड़ा कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर 9 अंबाला शहर में दर्ज लड़ाई-झगड़ा करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी पूर्ण चंद को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 29 नवंबर 2025 शिकायत दर्ज करवाई थी कि अग्रसेन चौक अंबाला शहर में आरोपी कर्ण व अन्य ने उससे तथा उसके भतीजे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। थाना सेक्टर 9 अंबाला शहर में दर्ज लड़ाई-झगड़ा के मामले में केस दर्ज किया था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## जिले में निकली भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने मचाई धूम

# श्रीमद्भगवदगीता कोई साधारण धर्म ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन प्रबंधन का शास्त्रः मनदीप राणा

जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शानदार हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे दिन भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवदगीता कोई साधारण धर्म ग्रंथ नहीं है बल्कि जीवन प्रबंधन का शास्त्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से कुरूक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गीता जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के अलावा विदेशों में भी एक मिनट एक साथ गीता का पाठ किया गया है। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव का आयोजन करना हमारी संस्कृति और धर्म से बच्चों व युवा पीढ़ी को जोडऩा है। इस अवसर पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कुरूक्षेत्र में आयोजित वैश्वीक गीता पाठ कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का संबोधन देखा और सुना गया।





राणा ने कहा कि गीता हमे यह भी सिखाती है कि मनुष्य केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि समय पर सही निर्णय लेने का साहस भी रखना चाहिए। श्री कृष्ण हमें बताते है कि मानसिक कमजोरी किसी समस्या का समाधान नहीं है, समाधान है धैर्य, विवेक और दृढ़ता। श्रीमद्भगवदगीता एक ऐसा पवित्र ग्रन्थ है जिसमें जीवन जीने का सार वर्णित किया गया है। जो समुचे मानव समुदाय को कल्याण की राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र की पावन धरा को गीता की जन्म स्थली के नाम से जाना जाता है। भगवान श्री कृष्ण की यह भूमि युगों युगांतर से भारतीय सभ्यता और संस्कृति की संवाहक रही है। एसडीएम दर्शन कुमार तथा नगराधीश अभिषेक गर्ग ने मुख्य अतिथि मनदीप राणा, सतीश हैप्पी चावला को शॉल, स्मृति चिह्न श्रीमदभगवदगीता की प्रति भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

गीता जयंती महोत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंजू अरोड़ा, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनिसर सैकेंडरी स्कूल पुलिस लाईन तथा राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल रामपुर सरसेहड़ी के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। यहां कार्यक्रम के दौरान कुरूक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव से 11 बजे लाईव प्रसारण के माध्यम से जुडे जिसके लिए दो बडी स्क्रीन की व्यवस्था पंडाल में की गई थी। जिनके माध्यम से वैश्विक गीता पाठ जो कुरूक्षेत्र में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में विद्यार्थी द्वारा सामूहिक तौर पर किया गया था, उसको यहां पर देखा और सुना गया। यहां पर भी स्कूल के बच्चों एवं कार्यक्रम में मौजूद अन्य लोगों द्वारा सामुहिक तौर पर वैश्विक गीता पाठ एक मिनट तक किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर हयिाणावी वाद्य यंत्रों से सुसज्जित पार्टियों ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। नगाडा पार्टी तथा डेरू पार्टी ने कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि सहित अन्य लोगों का स्वागत करते हुए अपनी बेहतर प्रस्तुति दी। वहां पर उपस्थित स्कूली बच्चे व अन्य लोग भी नगाड़ा और डेरू पार्टी की प्रस्तुति को देखकर काफी रोमांचित हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राध्यापक जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, हितेष जैन, अमन सूद, स्वर्णजीत सैनी, सतीश चावला, हैप्पी चावला, राजकुमार पुरी, बीके ऑबराय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## बाजारों से होकर निकली शोभायात्रा का स्वागत

जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे दिन

**अंबाला।** जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे दिन एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में श्रीमद्भगवदगीता को एक रथ पर सुशोभित किया गया था और पूजा-अर्चना कर झंडी दिखाकर एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, सतीश चावला व हैप्पी चावला द्वारा शुभारंभ किया गया। रामबाग मैदान से शुरू होकर यह शोभायात्रा अंबाला शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरी और लोगों ने रास्ते में पुष्प वर्षा कर इस शोभायात्रा का स्वागत किया। इस शोभायात्रा में विभिन्न विभागों के अलावा विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं द्वारा तैयार झांकिया शामिल रही। यह शोभायात्रा कुम्हार मोहल्ला, तंदुरा बाजार, सर्कुलर रोड़, रेलवे रोड़, आर्य समाज मंदिर, प्रेम मंदिर आदि विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए रामबाग मैदान में आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में जीयो गीता युवा चेतना श्रीकृष्ण कृपा परिवार अंबाला शहर, भारतीय योग संस्थान अर्बन इकाई , माता वैष्णो देवी मंदिर सैक्टर 10, बैंड सहित अन्य झांकिया शोभायात्रा में शामिल थी। शोभायात्रा में विभिन्न स्कूलों के बच्चे भी शामिल थे। श्रीमद्भगवदगीता का संदेश श्लोकाच्चारण के माध्यम से दे रहे थे। जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती समारोह का समापन सोमवार की सांय को पूजा-अर्चना कर गीता आरती के साथ संपन्न हुआ। इस पर एसडीएम दर्शन कुमार सहित अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने आरती कर इस सफल आयोजन की सराहना की।




### श्रोताओं को किया भाव विभोर

जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में गोबिंद बोलो हरि गोपाल बोलो, राधा रमण हरि गोपाल बोलो की धूम रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में। प्रसिद्ध भजन गायिका मंजु अरोड़ा द्वारा भगवान श्री कृष्ण पर आधारित भजनों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भाव विभोर एवं झुमने पर मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मैं बरसाने की छौरी, नी मैं नचना श्याम दे नाल कि आज मैनू नच लैण दे-नच लैण दे भजन पर दर्शक भक्ति रस में डूबकर झुमते नजर आए। एक अन्य भजन मन चल वृंदावन चलिए के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की स्तुति की गई। कार्यक्रम में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल पुलिस लाईन के विद्यार्थियों तथा राजकीय माडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल रामपुर सरसेहडी के विद्यार्थियों द्वारा बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

- राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की टीम ने धुराली विद्यालय के छात्र - छात्राओं व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बांटे जूते, स्वेटर, टोपी व जुराबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय प्राथमिक पाठशाला धुराली में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की टीम ने विद्यालय के सभी छात्र - छात्राओं व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को जूते, स्वेटर, टोपी व जुराबें वितरित की। इस नेक कार्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभरवाल जी ने किया। ज्योति रानी ने अध्यापकों के इस कार्य की भूरि प्रशंसा की और यथासंभव सहयोग के आश्वासन के साथ भविष्य में भी ऐसे कार्यों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के सभी बच्चे अपने अधिकारी व अध्यापकों के साथ खुश नजर आए। मौके पर विशिष्ट अतिथि एसएचओ थाना सदर शंभू लाल ने विद्यालय के बच्चों को जीवन में ईमानदारी से पढ़ाई करने व नशे से दूर रहने तथा जीवन में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया व अध्यापकों द्वारा शुरू किए गए इस नेक कार्य में हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। विद्यालय मुखिया व प्रवक्ता राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कृष्ण पूनिया जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व आभार व्यक्त किया और बताया कि संगठन का हर अध्यापक छात्रों व अध्यापकों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहता है।


**अंबाला।** छात्रों के साथ मौजूद शिक्षक व एसएचओ सदर शंभू लाल व अन्य।

### संगठन के साथ जुड़कर अपना योगदान देने की अपील

इस अवसर पर जिला महासचिव राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रकाश चंद्र ने बताया कि इस व्यवस्था का पूरा प्रबंधन संगठन के बहुत ही सक्रिय साथी जुगबीर बूरा ने किया। वैसे तो हर अध्यापक साथी छात्रों के हितों व व्यवस्था को लेकर अपना प्रयास करता रहता है , फिर भी जिला में जहां भी इस प्रकार की जरूरत महसूस होगी संगठन अपना प्रयास करता रहेगा। इस मुहिम में अन्य अध्यापक साथियों को भी संगठन के साथ जुड़कर अपना योगदान देने की अपील की और बताया कि संगठन भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर विजेंद्र रेड्ड ,एबीआरसी मीनू शर्मा, संगठन सह सचिव विनय रोहिल्ला भी मौजूद रहे।

## एड्स के प्रति जागरूकता ही सिर्फ एकमात्र बचाव

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एड्स जैसी घातक बीमारी के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूकता ही इसका एकमात्र बचाव हैं। उन्होंने बताया कि यह वाइरस रोगी की न केवल प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है अपितु उसे मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी भेदभाव का शिकार बनाता है। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शैली मनन ने बताया कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का विषय सही रास्ता अपनाओ, मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार है।



नशामुक्ति के प्रति जागरुक करते एनएसएस के स्वयंसेवक।

### स्वयंसेवकों ने गतिविधियों में की हिस्सेदारी

**बराड़ा।** शैमफोर्ड विद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन उत्साह, अनुशासन और सामाजिक सेवा की भावना के साथ हुआ। कक्षा 12 के स्वयंसेवकों ने पूरे शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर न केवल जिम्मेदारी और नेतृत्व का परिचय दिया, बल्कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रभक्ति और मानवता जैसे मूल्यों को भी मजबूती से अपनाया। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्या रूबी शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में एनएसएस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उप-प्रधानाचार्या सुमन शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रथम दिन छात्रों ने एनएसएस शपथ ग्रहण की और स्वच्छता अभियान के तहत कचरे की सामग्री से पोर्टेबल डस्टबिन बनाकर पर्यावरण संदेश दिया। दूसरे दिन विद्यालय परिसर में पौधारोपण और बागवानी गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया 'एनएसएस गार्डन' सभी का आकर्षण केंद्र बना। बाद में वॉलीबॉल, खो-खो और बॉस्केटबाल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**बराड़ा।** पुस्तक का लोकार्पण करते हुए गणमान्य।

### विशेष समारोह में पुस्तक का लोकार्पण

**बराड़ा।** उपमंडल के गांव गगनपुर के साहित्यकार नफे सिंह कादियान द्वारा हरियाणवी बोली पर आधारित महत्वपूर्ण पुस्तक हरियाणवी मां बोली का अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में सुकन्या घाट ब्रह्मसरोवर (कुरुक्षेत्र) में आयोजित एक विशेष समारोह में लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, डॉ. मनीषा नादल, डॉ. ज्ञानी देवी सहित अनेक कवि, लेखक और साहित्यकार मौजूद रहे। पुस्तक की समीक्षक प्रस्तुति हरियाणा के विख्यात लेखक सत्यवीर नाहड़िया ने दी। 120 पृष्ठों की इस पुस्तक में बांगर क्षेत्र और अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर आदि खादर क्षेत्रों की आम बोलचाल की हजारों हरियाणवी शब्दावलियों का संग्रह किया गया है। साथ ही उन ग्रामीण एवं घरेलू परंपरागत संसाधनों जैसे ओखली-मूसल, कोठी-कुठला, टांड-टंडीरा, हारे, गिट्टी, अळ, जूल्हा, सळांगा, तांगळी, जंदरा, पीढ़ी-पीढ़ा, इंढवी, गोपिये आदि का विस्तार से वर्णन किया गया है। लेखक द्वारा इस पुस्तक में न केवल शब्दों का संकलन किया गया है, बल्कि उनका तुलनात्मक अध्ययन एवं हिंदी अर्थ भी प्रस्तुत किया है।साहित्यकार नफे सिंह कादियान अब तक आठ पुस्तकें प्रकाशित कर चुकी हैं।

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क एवं रेड क्रॉस विभाग की संयोजक डॉ. सुमन देवी ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इससे जुड़े मिथकों और भ्रांतियों को दूर करना था। कॉलेज परिसर में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें, जागरूकता ही बचाव के संदेशों वाले आकर्षक पोस्टर तैयार किए। छात्राओं ने एड्स से संबंधित सामाजिक चुनौतियों, भ्रांतियों और जागरूकता की आवश्यकता को रचनात्मक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

## अंबाला छावनी को बड़ी सौगात, नज़दीक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी

# ईएसआईसी का 100 बिस्तरों के अस्पताल का जल्द होगा निर्माण

मंत्री अनिल विज बोले एचएसवीपी को 16 दिसंबर तक जारी करना होगा भूमि आवंटन पत्र, परियोजना ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा 100 बिस्तरों का अत्याधुनिक अस्पताल स्थापित किए जाने का मार्ग अब पूरी तरह से प्रशस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए एक संजीवनी साबित होगा, क्योंकि इससे उन्हें बेहतर और नज़दीक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। विज ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) को आगामी 16 दिसंबर 2025 तक सेक्टर-33 (भाग-1), अंबाला कैंट में प्रस्तावित स्थल के आवंटन संबंधी औपचारिक पत्र (ऑफ़र लेटर) सटीक लागत के साथ जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके पश्चात ईएसआईसी द्वारा भूमि भुगतान कर अस्पताल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

### समन्वय बनाए

श्रम मंत्री ने कहा कि अंबाला छावनी व साहा औद्योगिक क्षेत्र अंबाला छावनी सेक्टर-33 के साथ ही स्थित है, जहां हजारों श्रमिक कार्यरत हैं। इन सभी बीमित कर्मचारियों और उनके आश्रितों को इस अस्पताल से सीधा लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने इस परियोजना को अंबाला छावनी और आसपास के क्षेत्रों और समीपवर्ती जिलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए पिछले काफी समय से लगातार केंद्र सरकार और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाए हुए हैं। इस अस्पताल की स्थापना अंबाला के बीमित समुदाय के लिए बेहतर, समयबद्ध और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### प्रमुख सेवाएं प्रदान करेगा

उन्होंने बताया कि अस्पताल में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं, जैसे कि मेडिसिन, सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल रोग, अस्थि रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, त्वचा रोग, मनोरोग और आपातकालीन चिकित्सा जैसी प्रमुख सेवाएँ प्रदान करेगा। अस्पताल में 24×7 आपातकालीन व ट्रॉमा केयर, आधुनिक आईसीयू, उन्नत जांच सुविधाएं, तथा इन-पेशेंट, आउट-पेशेंट और डे-केयर सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, ताकि बीमित व्यक्तियों को समय पर और उचित उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि "मेरी प्राथमिकता हमेशा रही है कि अंबाला छावनी के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण परेशान न हों। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी श्रमिक इलाज के लिए भटके नहीं।

### पोर्टल लंबित परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा

विज ने बताया कि हाल ही में सचिव, डीपीआईआईटी, भारत सरकार की अध्यक्षता में मुख्य सचिव कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) पोर्टल पर लंबित परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा हुई। इसी बैठक में अंबाला छावनी में ईएसआईसी अस्पताल स्थापना के लंबित भूमि आवंटन मुद्दे को प्राथमिकता से समाधान हेतु शामिल किया गया।